अखिल भारतीय महाकवि भवभूति समारोह
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : 292

दिनांक : 06/01/2021

संशोधित पत्र

प्रति,

प्राचार्य / संस्था प्रमुख

____

____

विषय : अखिल भारतीय महाकवि भवभूति समारोह, ग्वालियर में आयोजित की जा रही अखिल भारतीय विविध प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / संस्था दल भेजने विषयक।

महोदय / महोदया,

प्रसन्नता का विषय है कि जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दिनांक 15 एवं 16 जनवरी 2021 को मनाये जाने वाले महाकवि भवभूति समारोह के उपलक्ष में **भवभूति के महावीरचरितम्** पर केन्द्रित विद्यालयीन, महाविद्यालयीन एवं विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिताओं का आयोजन **गालव सभागार** में दिनांक 12 एवं 13 जनवरी 2021 को किया जा रहा है। इस आयोजन में निम्नलिखित 05 प्रतियोगिताऐं होंगी। जिनके विषय, समय तथा पुरस्कारों का विवरण अधोलिखित है–

प्रतियोगिताऐं

1. **हिन्दी / संस्कृत निबन्ध लेखन प्रतियोगिता** — विषय : ''महावीरचरितम् में वीर रस''
2. **सस्वर श्लोक पाठ प्रतियोगिता** — विषय : ''महावीरचरितम्'' से
3. **संस्कृत भाषण प्रतियोगिता** — विषय : ''महावीरचरितानुसारं संघर्षेण ईश्वरत्वम्''
4. **हिन्दी भाषण प्रतियोगिता** — विषय : ''महावीरचरितम् के अनुसार संघर्ष से ईश्वरत्व''
5. **हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता** — विषय : ''महावीरचरितम् का कथानक मौलिक है'' (पक्ष एवं विपक्ष)

प्रतियोगिता स्तर	दिनांक	समय
1. विद्यालयीन प्रतियोगिताऐं	12.01.2021	प्रातः 11:00 बजे से 03:00 बजे तक
2. महाविद्यालयीन प्रतियोगिताऐं	12.01.2021	प्रातः 10:00 बजे से अपरान्हः 01:00 बजे तक
3. विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिताऐं	13.01.2021	दोपहर 01:00 बजे से 05:00 बजे तक

प्रत्येक प्रतियोगिता में दी जाने वाली पुरस्कार राशि

स्तरानुसार	प्रथम	द्वितीय	तृतीय
1. विश्वविद्यालय स्तर पर	700 / –	500 / –	300 / –
2. महाविद्यालय स्तर पर	500 / –	300 / –	200 / –
3. विद्यालय स्तर पर	500 / –	300 / –	200 / –

अतः आपसे अनुरोध है कि इन सभी प्रतियोगिताओं हेतु अपनी संस्था से प्रत्येक प्रतियोगिता हेतु दो–दो छात्र / छात्राओं का दल भेजने की व्यवस्था करें। एक छात्र अधिकतम दो प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेगा। सभी प्रतिभागी छात्र / छात्राओं की सूचना दिनांक 10 जनवरी 2021 तक करना अनिवार्य है। बाहर से आने वाले छात्रदल की सदस्य संख्या (पुरूष / महिला) तथा आने–जाने के ट्रेन अथवा बस के नाम व समय की सूचना पत्र प्राप्ति के पश्चात आवास एवं भोजन की व्यवस्था जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा की जावेगी। सभी छात्र दलों के मार्ग व्यय की व्यवस्था सम्बद्ध विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / संस्था द्वारा की जावेगी। विभिन्न स्तरीय प्रतियोगिताओं हेतु सम्बन्धित सम्पर्क सूत्र से सम्पर्क किया जा सकता है।

धन्यवाद,

भवदीय

(डॉ0 एस0 के0 द्विवेदी)
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

स्थान : गालव सभागार, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

संलग्न : विधावार प्रतियोगिताओं के नियम

सम्पर्क सूत्र :
1. डॉ0 मनीष खेमरिया, प्राध्यापक, म0ल0बा0 महाविद्यालय, 9575904654 (संयोजक)
2. डॉ0 बालकृष्ण शर्मा, शास0 संस्कृत महाविद्यालय, 9329682142 (विश्वविद्यालयीन स्तरीय प्रतियोगिता)
3. डॉ0 कृष्णा जैन, के0आर0जी0 कॉलेज, 9425407155 (विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता)
4. डॉ0 विकास शुक्ल, माधव महाविद्यालय, 9425773153 (महाविद्यालयीन स्तरीय प्रतियोगिता)
5. डॉ0 विष्णु नारायण तिवारी, 9452754257 (विद्यालयीन स्तरीय प्रतियोगिता)

e-mail : dswju2016@gmail.com, bhavabhooti@gmail.com